सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-441
13/10/2018

महाबोधि मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की

पटना, 13 अक्टूबर 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज महाबोधि मंदिर परिसर एवं बोधगया की सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में समीक्षा बैठक हुई। बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमिटी के पुस्तकालय कक्ष में हुई बैठक में गया के जिलाधिकारी श्री अभिषेक सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गए कार्यों एवं तैयारियों के साथ ही 1 फरवरी 2018 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में अनुपालन प्रतिवेदन पर प्रस्तुतिकरण दिया। प्रेजेंटेशन के जरिये जिलाधिकारी ने वाच टावर, नाको के अधिष्ठापन हेतु अग्रेतर कार्रवाई, रेड पेडेस्टल, मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण, महाबोधि मंदिर के विकासात्मक कार्य, मंदिर परिसर में प्लास्टिक पर बैन, प्रकाश की व्यवस्था, पुलिस बैरक का निर्माण कार्य, यातायात व्यवस्था आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त संख्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए अगर मंदिर परिसर तक आने वाले रास्तों में किसी प्रकार का परिवर्तन करना हो तो उसे भी कीजिये। उन्होंने कहा कि मंदिर क्षेत्र में ई—रिक्शा ही चले, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सिक्युरिटी टावर को और इफेक्टिव बनाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर के पास ही 100 कमरों के फाइव स्टार नुमा होटल की सुविधा भी होनी चाहिए ताकि किसी भी देश के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति आएं तो उन्हें ठहराया जा सके। कन्वेंशन सेंटर तभी कारगर होता है जब उसके बगल में आवासन की भी सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 2000 लोगों की होगी। ऐसे में करीब में होटल होने से उसका उपयोग और भी सुविधाजनक होगा।

समीक्षा बैठक के बाद जिलाधिकारी ने पितृपक्ष मेला 2018 के अवसर पर पिंडदानियों की सुविधा हेतु की गई नई पहल के संदर्भ में करीब 3400 लोगों द्वारा मेले के समय लिए गए फीडबैक से संबंधित प्रस्तुतिकरण भी मुख्यमंत्री के समक्ष दिया। बैठक के उपरांत बी0टी0एम0सी0 के सचिव द्वारा मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की और बोधिवृक्ष को नमन किया। मंदिर भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मेडिटेशन पार्क, मुचलिन्द सरोवर एवं सिक्युरिटी टावर का निरीक्षण किया। बोधगया निरीक्षण भवन में बौद्ध भिक्षुओं (लामाओं) एवं स्थानीय नेताओं ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया।

समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, आयुक्त मगध प्रमण्डल सुश्री टी0एन0 बिंधेश्वरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आई0जी0 मगध रेंज श्री

नैय्यर हसनैन खां, पुलिस महानिरीक्षक मगध रेंज श्री शिवकुमार झा, जिलाधिकारी श्री अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बी0टी0एम0सी0 के सचिव श्री एन0 दोरजी उपस्थित थे।

******